भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1940
दिनांक 03.03.2020/13 फाल्गुन, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

जनगणना और एनपीआर पर बैठक

1940. श्री पी॰ सी॰ गद्दीगौदरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने हाल ही में आगामी जनगणना और एनपीआर पर चर्चा करने के लिए राज्य सरकारों के साथ एक बैठक बुलाई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुछ राज्यों ने एनपीआर पर अपनी आपत्तियां व्यक्त की हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ङ): सरकार उन राज्यों के साथ विचार-विमर्श कर रही है, जिन्हें राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) तैयार करने के संबंध में आशंकाएं हैं। एनपीआर अपडेशन की प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक परिवार और व्यक्ति के जनसांख्यिकीय आंकड़े और अन्य विवरण अपडेट/एकत्र किए जाने हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कोई दस्तावेज एकत्र नहीं किया जाना है।

*****